पं0 रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर (छ0ग0)

फार्म नंबर :
निविदा फार्म का मूल्य रू. 500.00
वि0वि0 रसीद क्रमांक –
दिनांक –

स्वर्ण पदक निर्माण करने हेतु निविदा की शर्ते एवं प्रपत्र

पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर (छ0ग0)

–: निविदा सूचना :–

क्र0 131/विकास/निसू./2017 — रायपुर, दिनांक 03–04–2017

पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर की ओर से निर्माताओं तथा उनके अधिकृत विक्रेताओं से (1) स्वर्ण पदक निर्माण हेतु (2) अतिथियों के लिए भाषण पुस्तिका का मुद्रण कार्य (3) आमंत्रण कार्ड का मुद्रण कार्य (4) एल.ई.डी. प्रोजेक्टर किराये पर लिये जाने हेतु। इच्छुक फर्म रजिस्ट्रार कार्यालय से पाँच सौ रूपये नगद भुगतान कर निविदा प्रपत्र प्राप्त कर सकते हैं। निविदा जमा करने की अंतिम तिथि– 13/04/2017 को 3:00 PM तक स्पीड पोस्ट के माध्यम से, निविदा खोले जाने की तिथि – 17/04/2017 को 03:00 PM को खोला जावेगा। निविदा का विस्तृत विवरण विश्वविद्यालय के **Website:- www.prsu.ac.in** पर देखा जा सकता है ।

कुलसचिव

नोट :– निविदाकर्ता निविदा प्रपत्र के प्रत्येक पृष्ठ पर अपने हस्ताक्षर करें ।

पं० रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर (छ० ग०)

// स्वर्ण पदक निर्माण करने हेतु निविदा प्रपत्र //

फॉर्म नंबर ....

निविदा फार्म का मूल्य रू० 500.00

क्र0	कार्य का विवरण	समस्त कर सहित पदक का मूल्य/दर
01	18 ग्राम चॉदी के पदक का व्यास 1.25 इंच होगा, जिसमें हुग लगा होगा	रू० .... प्रति पदक
02	प्रत्येक पदक पर 00.250 मिलीग्राम स्वर्ण मंडित (गोल्ड प्लेटिंग) होगा.	
03	पदक के एक ओर विश्वविद्यालय का नाम एवं मोनोग्राम तथा दूसरी ओर पदकदाता का नाम, छात्र का नाम, विषय, प्रावीण्य स्थान व कालेज का नाम एवं वर्ष की खुदाई सुलेख अक्षरों में होगी.	

हस्ताक्षर ....

फर्म का नाम एवं सील

नियम व शर्तें :-

01. पदक का नमूना विश्वविद्यालय के विकास विभाग में देखा जा सकता है।
02. निविदा के साथ **अमानत राशि रू० 5,000.00 का बैंक ड्राफ्ट** (वापसी योग्य) **कुलसचिव, पं० रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर** के नाम संलग्न करना होगा।
03. दर अनुमोदन पश्चात् राशि रूपए 50/- (पच्चास रूपए) के नॉनज्यूडिशियल स्टाम्प पेपर पर अनुबंध के बाद ही कार्य आदेश जारी किया जावेगा।
04. सीलबंद लिफाफे के ऊपर **"स्वर्ण पदक निर्माण हेतु निविदा"** लिखा होना चाहिए।
05. निविदाकर्ता/फर्म का आयकर पेन नंबर कार्ड की छायाप्रति संलग्न करना अनिवार्य है।
06. चांदी की शुद्धता फर्म को प्रमाणित करनी होगी। पदक हेतु पात्र विद्यार्थियों की सूची अनुसार पदक तैयार होने के बाद जांच कराने हेतु लाने ले जाने की व्यवस्था फर्म को करनी होगी। अलग से कोई चार्ज देय नहीं होगा। त्रुटि को सुधारकर अंतिम रूप से पदक तैयार कर देना होगा।

क्रमशः ....

07. निविदा सीलबंद लिफाफे में **कुलसचिव, पं० रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर** के नाम से स्पीड पोस्ट के माध्यम से दिनांक 13.04.2017 को 03.00 PM तक स्वीकार किए जावेंगे।

08. कार्य आदेश के पश्चात् पदक तैयार कर विश्वविद्यालय में आपूर्ति करना अनिवार्य होगा। नमूने के तौर पर पहले एक पदक विश्वविद्यालय को बनाकर दिखाना होगा तथा अनुमोदन पश्चात् समस्त पदक तैयार कर विश्वविद्यालय को समय सीमा के अंदर प्रदाय करना होगा।

09. किसी प्रकार के विवाद की स्थिति में कुलपति जी का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा।

कुलसचिव